रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

17.8.2022

प्रेस विज्ञप्ति

- **डूरंड कप टूर्नामेंट के एक चरण के रूप में मणिपुर में 18 अगस्त से 5 सितंबर तक आयोजित होने वाले फुटबाल मैचों की लाइव ब्रॉडकास्टिंग के लिए हाई स्पीड इंटरनेट ब्रॉडबैंड बैंडविड्थ उपलब्ध कराने के लिए रेलटेल का चयन किया गया है।**

- **रेलटेल सुनिश्चित करेगा कि दर्शक टीवी चैनलों पर इम्फाल के खुमन लंपाक स्टेडियम में खेले जाने वाले 10 मैचों की उच्च गुणवत्ता वाली लाइव ब्रॉडकास्टिंग का आनंद उठा सकें।**

- **पहली बार डूरंड कप एक से अधिक स्थलों अर्थात् कोलकाता (पश्चिम बंगाल), गुवाहटी (असम) और इम्फाल (मणिपुर) में आयोजित किय़ा जा रहा है।**

- **पूरे देश के साथ ही साथ भारत के दूरस्थ पूर्वोत्तर पहाड़ी क्षेत्रों में हाई स्पीड ऑप्टिकल फाइबर आधारित विश्वसनीय तथा स्टेबल ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की दक्षता के मद्दे नजर इस कार्य के लिए रेलटेल का चयन किया गया है।**

******

भारत के सबसे प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक फुटबाल टूर्नामेंट "डूरंड कप" 16 अगस्त, 2022 से 18 सितंबर, 2022 तक एक से अधिक स्थलों अर्थात् कोलकाता (पश्चिम बंगाल), गुवाहटी (असम) और इम्फाल (मणिपुर) में आयोजित किय़ा जा रहा है।

टूर्नामेंट के मणिपुर वाले चरण में 18 अगस्त से 5 सितंबर, 2022 के बीच 10 मैच खेले जाएंगे, जिनकी लाइव ब्रॉडकास्टिंग के लिए आधुनिक ऑप्टिकल फाइबर टेक्नोलॉजी के ज़रिये इंटरनेट ब्रॉडबैंड बैंडविड्थ उपलब्ध कराने के लिए मणिपुर सरकार ने रेल मंत्रालय के के एक मिनी रत्न सीपीएसयू, रेलटेल का चयन किया है। मैचों की लाइव ब्रॉडकास्टिंग के अलावा, रेलटेल आयोजक कार्यालयों, स्थलों पर बने नियंत्रण कक्षों, सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी कैमरों और टूर्नामेंट के दौरान मीडिया सेंटर के लिए ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी भी उपलब्ध करा रहा है। इस उद्देश्य से रेलटेल द्वारा सर्वाधक उच्च गुणवत्ता वाली 1:1 प्रोटेक्टिड इंटरनेट लीज़ लाइनों की व्यवस्था की जा रही है।

पूरे देश के साथ ही साथ भारत के दूरस्थ पूर्वोत्तर पहाड़ी क्षेत्रों में हाई स्पीड ऑप्टिकल फाइबर आधारित विश्वसनीय तथा स्टेबल ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की दक्षता के मद्दे नजर इस कार्य के लिए रेलटेल का चयन किया गया है।

यह टूर्नामेंट एशिया के सबसे प्राचीन फुटबाल टूर्नामेंट, डूरंड कप का 131वां संस्करण है और एशियाई फुटबाल परिसंघ द्वारा मान्यता मिलने के बाद यह पहला संस्करण है। इस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हैं जो इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए भिडेंगीं। इनमें ग्यारह आईएसएल टीमों को मिलाकर, पांच आई-लीग वाली टीमें हैं और चार टीमें भारतीय सशस्त्र सेना बलों की हैं।

इम्फाल स्थित खुमन लंपाकस्टेडियम में 10 मैच आयोजित किए जाएंगे, जहां स्टेडियम की 35,000+ दर्शक क्षमता का पूरा उपयोग हो सकेगा। पूरे पूर्वोत्तर भारत में फुटबाल सर्वाधिक प्रसिद्ध खेलों में से एक है जिसका अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस स्तर का और इतने बड़े पैमाने का एक टूर्नामेंट पहली बार मणिपुर में आयोजित किया जा रहा है, जहां पूरे मणिपुर राज्य से और संभवतः नगालैंड और मिजोरम जैसे पड़ोसी राज्यों से भी प्रशंसक वहां आएंगे। रेलटेल यह सुनिश्चित करेगा कि दर्शकगण टीवी चैनलों पर उच्च गुणवत्ता वाले लाइव ब्रॉडकास्ट का आनंद ले सकें।

इस टूर्नामेंट में मणिपुर से दो स्थानीय टीमें, एनईआरओसीए और टीआरएयू भी हिस्सा ले रही हैं।

रेलटेल बैंडविड्थ के माध्यम से लाइव ब्रॉडकास्ट किए जाने वाले इम्फाल में खेले जाने वाले मैचों का कार्यक्रम इस प्रकार है :

तारीख	प्रतिस्पर्धी टीमें	
18 अगस्त 2022	एनईआरओसीए	टीआरएयू
20 अगस्त 2022	चेन्नैइन	आर्मी रेड
22 अगस्त 2022	टीआरएयू	हैदराबाद
24 अगस्त 2022	आर्मी रेड	एनईआरओसीए
26 अगस्त 2022	हैदराबाद	चेन्नैइन
28 अगस्त 2022	टीआरएयू	आर्मी रेड
30 अगस्त 2022	एनईआरओसीए	हैदराबाद
1 सितंबर 2022	टीआरएयू	चेन्नैइन
3 सितंबर 2022	आर्मी रेड	हैदराबाद
5 सितंबर 2022	एनईआरओसीए	चेन्नैइन

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाता है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों

को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्टॉलिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भारतीय रेलों के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6100 स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए:
sucharita@railtelindia.com